मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 14

अनुक्रमांक ........................

नाम ................................

# 901 801(AF)

## 2020

## हिन्दी

केवल प्रश्न पत्र

समय: *तीन घंटे 15 मिनट* ] [ पूर्णांक : 70

*निर्देश:* प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढने के लिए निर्धारित हैं ।

---

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई **एक** कथन सही है, उसे पहचान कर लिखिए ।

   i) जैनेद्र कुमार एक कवि के रूप में अधिक प्रसिद्ध हैं ।

   ii) 'ममता' के लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' हैं ।

   iii) जयप्रकाश भारती शुक्लयुग के कवि हैं ।

   iv) 'प्रबंध-पारिजात' के लेखक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हैं ।

GKPAD.COM

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी **एक** कृति के लेखक का नाम बताइए :

i) 'इंद्र-जाल'

ii) 'सेवा-सदन'

iii) 'दीप-दान'

iv) 'मिट्टी की ओर'

ग) किसी एक जीवनी-लेखक का नाम लिखिए

घ) 'मैं इनसे मिला' किस विद्या की रचना है?

ङ) संस्मरण-विद्या के किसी एक लेखक नाम लिखिए |

2. क) रीतिबद्ध शाखा के किसी एक कवि का नाम लिखिए तथा उसकी एक रचना का नामोल्लेख कीजिए |

ख) प्रयोगवादी काव्य-धारा की दो विशेषताएं बताइए |

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** काव्य-ग्रन्थ के कवि का नाम बताइए :

i) 'एक पतंग अनंत में'

ii) 'पंचवटी'

iii) 'समर्पण'

iv) 'अनामिका'

GKPAD.COM

3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश के नीचे दिए गए प्रशों के उत्तर दीजिए :

क) हमारी सारी संस्कृति का मूलाधार इसी अहिंसा तत्त्व पर स्थापित रहा है | जहाँ-जहाँ हमारे नैतिक सिद्धांतों का वर्णन आया है, अहिंसा को ही उसमें मुख्य स्थान दिया गया है | अहिंसा का दूसरा नाम या रूप त्याग है और हिंसा का दूसरा रूप या नाम स्वार्थ है, जो प्राय: भोग के रूप में हमारे सामने आता है | पर हमारी संस्कृति ने तो भोग भी त्याग ही से निकाला है और भोग भी त्याग में ही पाया है | श्रुति कहती है 'तेन त्यक्तेन भूञ्जीथा:' | इसी के द्वारा हम व्यक्ति-व्यक्ति के बीचे का विरोध, व्यक्ति उअर समाज के बीच का विरोध, व्यक्ति और समाज के बीच का विरोध, समाज और समाज के बीच का विरोध, देश और देश के बीच का विरोध मिटाना चाहते हैं | हमारी सारी नैतिक चेतना इसी तत्त्व से ओत-प्रोत है |

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए |

ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए |

iii) पारस्परिक विरोध को कैसे मिटाया जा सकता है?

ख) मित्र सच्चे पथ-प्रदर्शक के समान होना चाहिए, जिस पर हम पूरा विश्वास कर सकें, भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सकें | हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए - ऐसी सहानुभूति, जिससे एक के हानि-लाभ को दूसरा अपना हानि-लाभ समझे | मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दो मित्र एक ही प्रकार के कार्य करते हों या एक ही रूचि के हों | इसी प्रकार प्रकृति और आचरण की समानता भी आवश्यक या वांछनीय नहीं है | दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यों में बराबर प्रीति और मित्रता रही है |

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए |

GKPAD.COM

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) सच्चा मित्र कैसा होना चाहिए?

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य-सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए:

क) गुरु पद बंदि सहित अनुरागा।
राम मुनिन्ह सं आयसु माँगा॥
सहजहिं चले सकल जग स्वामी।
मत्त मंजु बर कुंजर गामी॥
चलत राम सब पुर नर नारी।
पुलक पूरि तन भए सुखारी॥
बंदि पितर सुर सुकृत संभारे।
जौं कछु पुन्य प्रभाऊ हमारे॥
तौ सिवधनु मृनाल की नाइ।
तोरहूँ राम गनेस गोसाईं॥

ख) नभ में गर्वित झुकता न शीश,
पर अंक लिए हैं दीन क्षार,
मन गल जाता नत विश्व देख,
तन सह लेता है कुलिश भार,
कितने मृदु कितने कठिन प्राण।

GKPAD.COM

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** का जीवन-परिचय दीजिए तथा उसकी किसी **एक** रचना का नाम लिखिए :

i) जयशंकर प्रसाद

ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

iii) भगवत शरण उपाध्याय

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उसकी किसी **एक** रचना का नाम लिखिए :

i) रामनरेश त्रिपाठी

ii) सूरदास

iii) श्यामनारायण पाण्डेय

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

भारतीया संस्कृति: तू सर्वेषां मतावलम्बिना संगमस्थली | काले-काले विविध: विचारा: भारतीय-संस्कृतौ समाहिता: | एषा संस्कृति: समासिकी संस्कृति: यस्या: विकासे विविधानां जातिनाम, सम्प्रदायाना, विश्वासानाञ्च योगदानं दृश्यते | अतएव अस्माकं भारतीयानाम एका संस्कृति:, एका च राष्ट्रीयता | सर्वेय्पी वयं एकस्या: संस्कृते: समुपासका: एकस्य राष्ट्रस्य च राष्ट्रिया: |

**अथवा**

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजय: |

उभयत्र समो वीर: वीरभावो हि वीरता ||

GKPAD.COM

7. क) अपनी पाठ्य-पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो |

ख) निम्नलिखित प्रशों में से किन्ही **दो** के उत्तर संस्कृत में दीजिए :

i) कवि: चातकं किं शिक्षयति?

ii) अमुखोयपि क: स्फुटवक्ता भवति?

iii) प्रति कशाघात-पश्चात चन्द्रशेखर: किम अकथयत?

iv) श्री: केन वर्धते?

8. निम्नलिखित में प्रयुक्त रस को पहचान कर लिखिए :

क) मुनिहि मोह न हाथ पराएँ |

हँसहिं संभु गन अति सचु पाएं ||

जदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी |

समुझि न परई बुद्धि भ्रम सानी ||

**अथवा**

करुण रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए |

ख) निम्नलिखित में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए :

लता भवन तें प्रगट भे, तेहिं अवसर दोउ भाई |

निकसे जनु जुग बिमल बिधु, जलद पटल बिलगाई ||

**अथवा**

उपमा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए |

GKPAD.COM

ग) सोरठा अथवा रोला छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्ही *तीन* के मेल से एक-एक शब्द बनाइए :

i) अ

ii) सु

iii) सह

iv) अप

v) अभि

ख) निम्नलिखित में से किन्ही *दो* प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए :

i) त्व

ii) पन

iii) वट

iv) ता

v) आई

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए :

i) नीलमणि

ii) बारहमासा

GKPAD.COM

iii) आना–जाना

iv) चक्रपाणी

घ) निम्नलिखित में से किन्ही *दो* के तत्सम रूप लिखिए :

i) दही

ii) पुरुसारथ

iii) कीरति

iv) गुनी

ङ) निम्नलिखित में से किन्ही *दो* शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

i) तालाब

ii) गाय

iii) सर्प

iv) आकाश

10. क) निम्नलिखित में से किन्ही *दो* में सन्धि कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए :

i) कवि + आदि

ii) एक + एकम्

iii) महा + ओघ:

iv) इति + उक्तम्

GKPAD.COM

ख)　निम्नलिखित शब्दों के चतुर्थी विभक्ति, द्विवचन के रूप लिखिए :

i)　मधु अथवा नदी

ii)　तद् (स्त्रीलिंग) अथवा युष्मद्

ग)　निम्नलिखित में से किसी *एक* की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन लिखिए :

i)　पश्यथ:

ii)　अपचतम्

iii)　हसे:

घ)　निम्नलिखित में से किन्ही *दो* वाक्यों को संस्कृत में अनुवाद कीजिए :

i)　हमें अपने देश से प्रेम करना चाहिए ।

ii)　वह घर कब जायेगा ।

iii)　अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़ा है ।

iv)　भारत एक महान देश है ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी *एक* विषय पर निबन्ध रचना कीजिए :

i)　किसी देखे हुए मेले का वर्णन

ii)　देश-प्रेम

iii)　बेरोजगारी और उसे दूर करने के उपाय

iv)　सड़क दुर्घटना – कारण और निवारण

GKPAD.COM

12. अपने पठित खंडकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी *एक* प्रश्न का उत्तर दीजिए :

क) i) 'मुक्तिदूत' खंडकाव्य के चतुर्थ सर्ग का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

ii) 'मुक्तिदूत' खंडकाव्य की कौन-सी घटना आपको सर्वाधिक प्रभावित करती है? संक्षेप में लिखिए।

ख) i) 'ज्योति जवाहर' खंडकाव्य का कथासार संक्षेप में लिखिए।

ii) 'ज्योति जवाहर' खंडकाव्य के आधार पर जवाहर लाल नेहरु की चारित्रिक विशेषताएं, संक्षेप में लिखिए।

ग) i) 'अग्रपूजा' खंडकाव्य के आधार पर उसके प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

ii) 'अग्रपूजा' खंडकाव्य के पूर्वाभास सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

घ) i) 'मातृभूमि के लिए' खंडकाव्य की घटना से अआप विशेष-प्रभावित होते हैं? संक्षेप में लिखिए।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खंडकाव्य के प्रथम सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

GKPAD.COM

**Note** - Please mail me at GKPAD.COM@gmail.com if you have found any mistake in this question paper.

GKPAD.COM